

आदमपुर से विधायक सुखविंदर सिंह कोटली सड़क हादसे में घायल, अस्पताल में भर्ती

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# यूटर्न टाईम

UTURN TIME

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:116 | WEDNESDAY, DATE: 11-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# फोकल प्वाइंट में वेतन बांटने को आया था 15 लाख, फैक्ट्री में घुसे हथियारबंद बदमाश लूटकर हुए फरार

## बेखौफ लुटेरों ने वारदात दौरान की फायरिंग सीपी खुद मौके पर पहुंचे, उद्यमी दशहत में

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। अरसे से इंडस्ट्रियलिस्ट की मांग नजरंदाज कर फोकल प्वाइंट एरिया में पुलिस गश्त का सिस्टम शुरु नहीं करने का नतीजा एक बार फिर सामने आ गया। फोकल प्वाइंट के फेज सात स्थित फेहरनहाइट क्लोदिंग कंपनी की यूनिट में वर्करों को वेतन बांटने के लिए मंगवाई सोलह लाख की नगदी हथियारबंद लुटेरे समेट ले गए।

बेखौफ लुटेरों ने वारदात के दौरान कई राउंड फायर भी किए, हालांकि फायरिंग में किसी के जख्मी होने की बात सामने नहीं आई। जबकि लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा ने खुद मौका-मुआयना कर मातहत अफसरों को जल्द लुटेरे पकड़ने की सख्त हिदायत दी। वहीं इस लूट की इस सनसनीखेज वारदात से उद्यमियों में दहशत का माहौल बना है।



● लूट के बाद मौके पर पड़ताल करने पहुंची पुलिस।

जानकारी के मुताबिक फोकल प्वाइंट के फेज सात स्थित फेहरनहाइट क्लोदिंग कंपनी की यूनिट में वर्करों का वेतन बांटने के लिए 16 लाख की नगदी मंगवाई गई थी। बताते हैं कि दिन के ही समय बेखौफ छह हथियारबंद बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। उनमें से तीन फैक्ट्री के अंदर धड़धड़ाते हुए घुस आए।

जबकि उनके तीन साथी बाहर ही खड़े रहे। अंदर घुसे लुटेरों ने हथियार दिखाकर वहां मौजूद स्टाफ को धमकाते हुए सारा कैश समेटा और आनन-फानन में फरार हो गए।

### किसी भेदी पर शक

पुलिस ने फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसके आधार पर आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री के बारे में पूरी तरह जानकारी रखने वाला कोई शख्स इन लुटेरों से मिला हुआ होगा। जिसके जरिए उनको कैश आने का पता चला उन्हें पता चला। साथ ही इतनी पुख्ता जानकारी भी थी कि कैश किस जगह रखा है। दरअसल लुटेरे सीधे उसी कमरे में घुसे, जहां वेतन बांटा जाना था।



### फैक्ट्री वर्कर भी लुट जाते हैं वेतन बंटने वाले दिनों में

कई मौकों पर ऐसा भी होता रहा है कि वेतन बंटने वाले दिनों में नशेड़ी, स्नेचर फैक्ट्रियों से घर लौटते उन वर्करों को खासतौर पर निशाना बनाते हैं, जो वेतन लेकर आ रहे होते हैं। ऐसे में उनको ठीक-ठाक कैश हाथ लग जाता है। जानकार बताते हैं कि कुछ अपराधिक किस्म के फैक्ट्री वर्करों के जरिए ही स्नेचर-नशेड़ी यह जान लेते हैं कि किस फैक्ट्री में किस दिन वेतन बंटना है।

# हथियार की नोक पर 5 लाख की डकैती

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। मोती नगर थाने के तहत आते फोकल प्वाइंट आरती स्टील के नजदीक मैन चौंक स्थित फिनो पैमेंट्स बैंक में हथियारों की नोक पर नकाबपोशो द्वारा लगभग 5 लाख रु की डकैती को अंजाम दिया गया जिस कारण शहर में दहशत का माहौल है। गौरतलब है की बुधवार को ही दोपहर 1 बजे के करीब फोकल प्वाइंट फेस 7 के तहत फहरेंहिट क्लोथिंग इंडिया प्राइवेट ली में भी लगभग 16 लाख की लूट को अंजाम दिया गया। एक ही दिन में केवल 2 घंटो के समय अंतराल दौरान 4-5 किलों मीटर के फासले पर दो दो वारदातों के घटने से पुलिस प्रशासन की कार्यशैली






सवालों के घेरे में आ गई है। जानकारी अनुसार फिनो पैमेंट्स बैंक का हैड ऑफिस मुंबई में है एवं लम्बे समय से स्मार्ट सिटी के लेबर बाहुल्य शेरपुर इलाके में वित्तीय सेवाएं प्रदान कर रहे थे बुधवार लगभग ३ बजे के आस पास 2 तीन लोग उनकी फोकल





प्वाइंट स्थित शेरपुर इलाके की शाखा में आए और मौका देख पूरी वारदात को अंजाम दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों अनुसार आरोपियों के पास बंदूक नुमा हथियार थे जिससे उन्होंने आसानी से घटना को अंजाम दे दिया, सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है

जिसमें साफ नजर आ रहा है की कैसे हथियार बंद युवकों ने पूरी घटना को अंजाम दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया की 4-5 लोगों के होने की सम्भावना है हालाँकि शेरपुर चौंक में किसी तरह की कोई गोली चलने की सूचना नहीं है घटना को अंजाम देने वालों ने मुँह पर कपड़ा बांध रखा था पुलिस द्वारा जाँच शुरू कर दी गई है और जल्द आरोपियों को पकड़ने की बात कही जा रही है। पड़ोसी साईकिल दुकानदार परबजीत सिंह ने बताया की किसी तरह का शोर शराबा न होने से उन्हें घटना के मौके का पता नहीं लगा। वे अपना काम कर रहा था तो पड़ोसी ने आ कर बताया की ऐसी घटना हुई है जिसे सुनकर वह हैरान रह गए।

## बढ़ते अपराध से कारोबारी दुविधा में

लंबे समय तक आतंकवाद का संताफ झेल चुके पंजाब के लोग लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से पंजाब को लेकर एक बार फिर दुविधा में दिख रहे हैं। लोगों में लगातार दहशत व खौफ का माहौल बढ़ने से कारोबारी सेक्टर ने अपने भावी निवेशकों के बारे में मंथन करना शुरु कर दिया है। पिछले 50 दिनों से राज्य में एकाएक बढ़ी अपराधिक घटनाओं व दिनदहाड़े डकैतियों से कारोबारियों ने अपने निवेश योजनाओं को थाम लिया है। और आतंकवाद के दौर की तरह एक बार फिर अन्य राज्यों में निवेश के लिए विकल्प तलाशने शुरु कर दिये हैं। जिसके चलते पंजाप के रीयल एस्टेट सेक्टर में एकाएक बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं पिछली कई सरकारों द्वारा राज्य में निवेश को बढ़ाने के लिए किये गये प्रयास भी विफल हो सकते हैं। किसी भी देश व राज्य की प्रगति वहां के लॉ एंड ऑर्डर पर निर्भर करती है। पंजाब का निरंतर गिर रहा लॉ एंड ऑर्डर कारोबारियों को राज्य में नये निवेश के लिए सोचने पर मजबूर कर रहा है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## सऊदी में बलविंदर को मौत की सजा का मामला

# शाही इमाम की कुरान-शरीफ का हवाला देते सऊदी के बादशाह से रिहा करने की अपील

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पंजाब के युवक बलविंदर सिंह को सऊदी अरब में मौत की सजा सुनाने के मामले में यहां ऐतिहासिक जामा मस्जिद से शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उसमान रहमानी ने प्रेस कांफ्रेंस की। जिसमें उन्होंने सऊदी अरब के बादशाह मुहम्मद बिन सलमान से बलविंदर के लिए माफी की अपील की। शाही इमाम ने बाकायदा अरबी भाषा में एक पत्र ईमेल के माध्यम से उनको भेजा। साथ ही कहा कि इस मौके पर हम सभी पंजाबियों को एकजुट होकर अपने मुताबिक बलविंदर सिंह की रिहाई के लिए उनके परिवार की मदद करनी चाहिए। शाही इमाम ने बताया कि उस देश की इंसाफ की प्रक्रिया पर कोई टिप्पणी किए बिना पवित्र कुरान शरीफ का हवाला देते अपील की गई है। जिसमें एक बेगुनाह इंसान के कातिल को पूरी इंसानियत का कत्ल बताया गया है। कुरान शरीफ में ब्लड मनी (कसास) लेकर कातिल को रिहा



### मौत-जिंदगी में चार दिन का फासला

बलविंदर काम की तलाश में साल 2008 में सऊदी अरब गया था। वहां वह एक कंपनी में काम करने लगा था। साल 2013 में उसकी व उसके एक अन्य पंजाबी साथी की सऊदी अरब के युवक से लड़ाई हो गई। जिसमें जख्मी हुए युवक की चार दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस पर अदालत ने बलविंदर को सिर कलम करने की सजा सुनाई थी। जिस पर चार दिन बाद अमल किया जाना है।

करने की बात के साथ यह भी हुक्म दिया गया है कि अगर पीड़ित के घर वाले कातिल को माफ कर दें तो यह सबसे नेकी का काम है। लिहाजा शाही इमाम ने कहा कि हम सऊदी सरकार के साथ ही कत्ल होने वाले व्यक्ति के घर वालों से भी अपील करते हैं कि वे माफी का ऐलान कर रब की रज़ा हासिल करें। साथ ही कहा कि हमारी दुआ और पूरी कोशिश है कि बलविंदर की सजा-ए-मौत का हुक्म रद्द होने जाए और उनको रिहा कर वापिस उनके परिवार में भेज दिया जाए।

# दीवार गिरने से मिट्टी के ढेर में दब गया मासूम, मौके पर ही तोड़ा दम

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। ताजपुर रोड पर पुनीत नगर में बुधवार दोपहर करीब पांच साल के बच्चे आदित्य की मिट्टी के ढेर में दबने से मौत हो गई। हादसे के वक्त वह अपने कमरे में पानी पीने गया था। तभी उसके ऊपर कमरे की दीवार और मिट्टी का ढेर गिरने से बच्चा उसके नीचे दब गया। बताते हैं कि मिट्टी में दबकर सांस नहीं आने से उसने दम तोड़ दिया। घर की दीवार गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी भी दौड़कर आए।



● मिट्टी के ढेर का दबाव पड़ने से गिरी दीवार के मलबे में मासूम की इसी जगह दबकर मौत हुई।

उन्होंने खुद ही मिट्टी हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मिट्टी इतनी ज्यादा थी कि जब तक बच्चे को मिट्टी से बाहर निकाल पाते, तब तक वह दम तोड़ चुका था। हालांकि उसे निजी अस्पताल में लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि इलाके में हर जगह मिट्टी के ढेर लगे हैं। ट्रैक्टर-ट्राली वालों का जहां मौका मिलता है, वहीं मिट्टी गिरा जाते है। बताते हैं कि हादसे वाले घर के पीछे कई दिनों से एक खाली प्लाट में कुछ लोग ट्रालियां भरकर मिट्टी गिरा रहे थे। मिट्टी का ढेर इतनी ज्यादा भारी था कि उसके वजन से पतली दीवार गिरने पर हादसा हो गया।



हादसे का शिकार आदित्य

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मौत के सौदागर: अब सरकार के निशाने पर

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पंजाब में पिछली सरकारों और पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते नशा तस्करों यानि 'मौत के सौदागरों' की जड़ें गहरी होने के साथ चौतरफा फैलती गई। नतीजतन इंडस्ट्रियल सिटी लुधियाना और उसके आसपास के इलाके भी उनकी गिरफ्त में आते चले गए। सूबे की मौजूदा आप सरकार ने नशा तस्करों पर नजर टेढ़ी की तो नतीजे भी सामने आने लगे हैं। वहीं केंद्र सरकार भी इस मुद्दे पर गंभीर लगती है। नतीजतन डीआरआई ने नजदीकी कस्बे साहनेवाल में रेड कर जूतों के गोदाम की आड़ में 'ड्रग सप्लाई सेंटर' पकड़ा। दूसरी तरफ, पंजाब के एक्साइज महकमे ने लुधियाना से लगते बेट इलाके में सतलुज दरिया के जहरीले पानी से कच्ची शराब बनाने की इललीगल फैक्ट्रियां पकड़ीं।

### देश के पोर्ट्स पर बरामद ड्रग-केस के तार लुधियाना में

## डीआरआइ की रेड : दुकान जूतों की, गोदाम में मिला नशीला पदार्थ-करेंसी, कारोबारी को लिया हिरासत में

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। देश के पोर्ट्स पर ड्रग्स की खेप मिलने के मामलों के तार शायद औद्योगिक नगरी से जुड़े हैं। तभी जूतों के कारोबार की आड़ में नशे का धंधा किए जाने की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद डायरेक्टोरेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस यानि डीआरआइ ने साहनेवाल एरिया में छापेमारी की। इस कार्रवाई में जूतों के गोदाम से बड़ी तादाद में नशीला पदार्थ और कैश मिलने पर कारोबारी व उसके कारिंदो को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि विभागीय स्तर से इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। जानकारी के मुताबिक यह लंबी कार्रवाई मंगलवार करीब सुबह दस से लेकर रात ग्यारह बजे तक चली। हालांकि डीआरआई की इस कार्रवाई की स्थानीय पुलिस तक को भनक नहीं लगने दी गई। जबकि पूरी कार्रवाई के दौरान मीडिया कर्मियों को भी पास नहीं आने दिया गया। सूत्रों के मुताबिक साहनेवाल के रामगढ़ चौक के पास जूता कारोबारी की दुकान की कई दिन से विभागीय टीम द्वारा रेकी कराई जा रही थी। फिर अचानक कल सुबह कई कारों में सवार होकर विभागीय टीम के अधिकारियों ने दुकान में रेड कर दी। सूत्र बताते हैं कि गोदाम में छापामारी करके 55 किलो नशीला पदार्थ बरामद किया गया। जो यहां बनने वाले सूटकेस के नीचे छिपाया था, उनको उधेड़कर जब्त कर लिया गया। इसके अलावा करीब 25 लाख रुपये भी जब्त किए गए।



● जूता कारोबारी का आफिस, दुकान-गोदाम, जहां डीआरआई ने रेड की।



● रेड करने आई डीआरआई टीमों की गाड़ियां।



● कर दिया ढेर...डीआरआई टीम ने जिन सूटकेस को उधेड़कर उनसे नशीले पदार्थ की खेप बरामद की, जूता-गोदाम के बाहर लगा उनका ढेर

### मिला था अहम क्लू

डीआरआइ को अपने नेटवर्क के जरिए सूचना मिली थी कि साहनेवाल में एक जूता कारोबारी के अपने यहां नशीले पदार्थ मंगाता है। जिसके बाद एक टीम ने रेकी कर पुख्ता जानकारी जुटाई कि हाल में ही वहां नशे की खेप पहुंची है। फिर कल टीम ने कारोबारी की दुकान, गोदाम और घर पर एक साथ रेड की। डीआरआई टीम कुछ दस्तावेज, डायरियां वगैराह भी बरामद कर साथ ले गई।

### सरकार की नजर टेढ़ी, शिकंजा नशा तस्करों पर

## सतलुज दरिया किनारे बेट में रेड 2.80 लाख लीटर लाहन बरामद

### दरिया में छिपाए थे ड्रम, एक्साइज टीम पहुंचने की भनक लगते ही तस्कर फरार



● बेट इलाके में सतलुज दरिया से लाहन बरामद करती एक्साइज महकमे की टीम

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। सूबे की आप सरकार ने नशा तस्करों पर नजर डेढ़ी की तो एक्साइज महकमा भी सक्रिय हो गया। अब अवैध शराब का गोरखधंधा करने वाले नशा तस्करों की धरपकड़ को विभागीय टीमें ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। बेट इलाके के कई गांवों में छापामारी कर विभागीय टीम ने लाहन और अवैध शराब बरामद कर नष्ट करा दी।

हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही तस्कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक यह छापेमारी मुहिम बुधवार सुबह सतलुज के किनारे गांव तलवानी नाबाद, बड्दी, भोलेवाल जदीद, रजापुर, बागिया समेत कई गांवों में चलाई गई। हैरानी की बात यह है कि पूरा एरिया सील करने के बावजूद नशा तस्कर हत्थे नहीं चढ़े।

**सतलुज के जहरीले पानी से बना रहे थे शराब...** पूरे इलाके को टीम के साठ मेंबरों ने घेरा। जिनको छापेमारी में 30 चालू भट्ठियां, लक्कड़, 15 ड्रम प्लास्टिक, पाइपें और 12 बोरियां गुड़ बरामद हुआ। सबसे चिंताजनक पहलू है कि कच्ची शराब बनाने में सतलुज दरिया में छोड़ा फैक्ट्रियों का कैमिकल वाला जहरीला पानी इस्तेमाल हो रहा था। लाहन के ड्रम सतलुज में छिपा रखे थे। गोताखोरों की मदद से इनको बाहर निकलवाया गया।

## आर्य कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर




लुधियाना/यूटर्न/11 मई। आर्य कॉलेज की एनएसएस और एनसीसी यूनिट ने दयानंद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सचिव एसीएमसी सतीशा शर्मा ने कॉलेज की एनएसएस और एनसीसी इकाइयों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च रूप है। प्रिंसिपल डॉ सूक्ष्म आहलूवालिया ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने की दिशा में पहला कदम है और इसके अलावा रक्तदान से कैंसर, दिल का दौरा और लीवर की बीमारियों का खतरा कम होता है। उन्होंने दानदाताओं को अपना आशीर्वाद दिया और दूसरों को भी इस नेक काम के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में शिक्षकों सहित 50 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।

## गर्मी ने बढ़ाया लोगों का तापमान



लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। बुधवार के दिन गर्मी का पारा हाई दिखा, जिसमें लोग काफी परेशान रहे। सर पर दुपट्टा रख कर चलतीं राहगीर।

## सुखविंदर सिंह जगदेव फाउंडेंशन के प्रधान नियुक्त



लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। बाबा बंदा सिंह बहादुर अंर्तर्राष्ट्रीय फाऊडेंशन के प्रधान कृष्ण कुमार बावा ने सुखविंदर सिंह जगदेव को फाऊडेंशन की लुधियाना शहरी इकाई का प्रधान नियुक्त किया है। बावा ने नव नियुक्त प्रधान जगदेव का मूंह मिठा करवाते हुए सिरोपा भेंट करके सम्मानित भी किया। बावा ने कहा कि सुखविंदर सिंह जगदेव लंबे समय से ही राजनीतिक, धार्मिक व समाजिक क्षेत्र में सेवाएं निभा रहे है। उनकी समाज प्रति सेवायों को देखते हुए ही शहरी प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई है। लुधियाना शहरी प्रधान सुखविंदर सिंह जगदेव ने कहा कि 14 मई को सरहंद फतेह दिवस के एतिहासिक दिवस पर फतेह मार्च जो रकबा भवन से चप्पड़चिड़ी सरहंद तक जाएगा, उसमें वह बड़े काफिले के साथ शमूलियत करेगे।

## पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने बड़े उद्यमी को खोजने के उद्देश्य से किया इनोवेशन चैलेंज का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/11 मई। पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, लुधियाना ने इनोवेशन मिशन पंजाब के सहयोग से पंजाब के अगले बड़े उद्यमी को खोजने के उद्देश्य से एक इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया। यह कार्यक्रम छात्रों और कामकाजी पेशेवरों तक पहुंचा और पूरे राज्य में नवाचार की लहर पैदा हुई, क्योंकि इसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से लगभग 200 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 22 को शॉर्टलिस्ट किया गया। इनोवेशन चैलेंज सभी के लिए खुला था और पंजाब में लुधियाना के आसपास के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने देखा और अपने आइडिया और बिजनेस मॉडल के एलेवेटर पिच वीडियो के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। उल्लेखनीय व्यक्तियों की एक जूरी ने पंजाब में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के विचारों का मूल्यांकन किया। जूरी सदस्यों में पंजाब एंजल्स नेटवर्क के संस्थापक साहिल मक्कड़, टिकटॉक के संस्थापक अभय सिंघल और आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्रा आंचल सूद, इनोवेशन मिशन पंजाब में प्रमुख पोलिनेटर और पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स कॉर्पोरेट रिलेशंस डीन नरेश अग्रवाल थे। पीसीटीई से निधि शर्मा, ऐश्वर्या शर्मा, अमनप्रीत कौर और राघव, सिमिलीजीत, जीसस सेक्रेड हार्ट से हरसीस सिंह और बीसीएम स्कूल बसंत सिटी से सुखमन सिंह को सर्वश्रेष्ठ विचारों के लिए 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इसके इलावा विजेताओं को सह-ऊष्मायन करने का अवसर भी मिल सकता है।

### सालगिरह मुबारक



गौरव मल्होत्रा और रुचि मल्होत्रा



रोहित और मलिका खुल्लर

### जन्मदिन मुबारक



सोनिया चुग



सौरभ अरोरा

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

# राज्य की ग्रोथ व वैलफेयर के साथ डिजिटलाइजेशन पर फोकस हो आगामी बजट: सीआईआई पंजाब

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। सीआईआई ने पंजाब सरकार के पंजाब दा बजट कदम की स्वागत करते हुए इसे वास्तविक तौर पर जनता बजट की संज्ञा दी है संस्थ अनुसार इतिहास में यह पहली बार होगा जब सभी शेयर धारको को अपने सुझाव देने का मौका दिया जा रहा है।

पंजाब पर 5.2% का कर्ज के साथ पंजाब के आगामी बजट में बहुत कुछ बदलाव लाने की जरूरत है। सी आई आई पंजाब ने आगे एते हुए पंजाब बजट के लिए कुछ सुझाव दिए है नई सरकार को सोशल रिस्पांसिबिलिटी और वेलफेयर पर फोकस करने की जरूरत है वही जनता को बजट में हैल्थकेयर और शिक्षा के क्षेत्र में काफी उमीदे है सी आई आई पंजाब के चेयरमैन अमित थापर का मान ना है की निवेश से ग्रोथ होती है जोकि रोजगार पैदा करती है जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक तेजी आती हैं। थापर अनुसार पिछले मान्य इंसेंटिव्स क्वे लिए पर्याप्त बजट निर्धारित करते हुए समय पर रिलीज करने का प्रावधान होना चाहिए, पंजाब को भूगोलिक दृष्टिकोण से बड़ी मार पढ़ रही है जिसका विकल्प यहां पर सस्ती बिजली उपलब्ध करवा कर हो सकता है इंडस्ट्री पालिसी के लिए नए



मापदंडो को निर्धारित करने की जरूरत है सरकारी व् निजी क्षेत्र में रोजगार के मौके ग्रोथ की निशानी होती है प्राइवेट हेल्थ केयर सैक्टर को प्रोत्साहित कर छोटे शहरों और कस्बो में मेडिकल सुविधाओं को बढ़ाया जाना चाहिए, पंजाब टूरिसम सैक्टर में भारी संभावनाए है बहुत सी छोटी छोटी जगहों और पुरानी धरोहरों को तराश कर निजी ऑपरेटरों की सहायता से इसे बढ़ाना चाहिए। डिजिटलाइजेशन को प्रोत्साहित करते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम कसी जा सकती है ड्राइविंग लाइसेंस, पीएससीपिएल के ए एंड ए फार्म, रेवेन्यू रिकार्ड जैसी सेवाओं को तुरंत डिजिटलाइज करने के जरूरत है। इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में पावर डिस्ट्रीब्यूशन को सुधरते हुए रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, फोकल प्वाइंट में सुधार लाने की जरूरत है। स्किल डवेल्पमैंट वर्क फ़ोर्स को तैयार करने पर ध्यान देने की ज़रूरत है।

**सेंट्रल स्कीम्स...** पंजाब सेंट्रल स्कीमों का लाभ उठाने में हमेशा से पिछड़ा रहा है बजट में मापदंडो को लाना चाहिए जिससे केंद्रीय स्कीमों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाया जा सके, डायरेक्ट सी डिंग स्कीमों के लिए सब्सिडी स्किम, पराली जलाना हमारे लिए बोझ बन चूका है इसे ईधन स्वरूप इस्तेमाल किए जाने पर कार्य करने की जरूरत है, इंडस्ट्री की खुशहाली के लिए प्रदेश में सोलर पावर को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है, पंजाब में टैक्नोलॉजी और टैक्स नियमो को पलना को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, नगर की म्युनिसिपल लिमिट्स को बढ़ा जाने की जरूरत है वही प्रोफेशनल टैक्स को तुरंत समाप्त किया जाए।

# बिजली कटौती संबंधित उद्योगपतियों ने पीएसपीसीएल सेंट्रल जोन से की मुलाकात

लुधियाना/यूटर्न/11 मई। बुधवार को औद्योगिक संघों के कंसोर्टियम के प्रतिनिधिमंडल ने अवतार सिंह भोगल प्रधान विश्वकर्मा फाउंडेशन इंटरनेशनल के नेतृत्व में मनजिंदर सिंह सचदेवा वरिष्ठ उप प्रदान फीको और महासचिव यूसीपीएमए, गुरचरण सिंह जेम्को कार्यकारी प्रधान यूसीपीएमए, इंद्रजीत सिंह नवयुग, श्री कुलविंदर सिंह बेनीपाल, मंजीत सिंह खालसा प्रधान कीरत फाउंडेशन के साथ उद्योगपतियों ने हरजीत सिंह गिल इंजीनियर-इन-चीफ पीएसपीसीएल सेंट्रल जोन से मुलाकात की और उद्योग पर लगाए जा रहे अनिर्धारित बिजली कटौती के संबंध में वार्तालाप की।



**अनिर्धारित बिजली कटौती...**

बिजली उद्योग के लिए प्रमुख कच्चे माल में से एक है। हाल ही में यह देखा गया है कि उद्योग पर कई अनिर्धारित बिजली कटौती की जा रही है, संबंधित अधिकारियों का कहना है कि बिजली की कमी के कारण ये कटौती की जा रही है। ये अनिर्धारित बिजली कटौती उद्योग के लिए बहुत घातक हैं क्योंकि उद्योग को श्रम लागत, उत्पादन में देरी और उच्च डीजल लागत से उत्पादों की निर्माण लागत बढ़ जाती है, जिससे उद्योग को बेहद नुकसान हो रहा है। पीएसपीसीएल को पावर ग्रिड से अधिक बिजली खरीद कर उद्योग की आवश्यकता को पूरा करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने सलाह दी कि यदि पीएसपीसीएल, उद्योग पर बिजली कटौती करना चाहते हैं, तो को उद्योग को पूर्व सूचना के साथ क्षेत्र-वार बिजली कटौती करनी चाहिए।

**धान के मौसम से पहले निवारक उपाय...**

पिछले साल, धान के मौसम में उद्योग ने बड़े बिजली संकटों का अनुभव किया है, जिस से उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। यह अनुरोध किया जाता है कि पीएसपीसीएल को खासकर धान के मौसम से पहले बिजली के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने और उद्योग को निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिक बिजली की खरीद करके निवारक उपाय करने चाहिए।

# एशियन पेंट्स का नेट प्रॉफिट 850.42 करोड़ रुपए रहा

मुंबई / यूटर्न / 11 मई। एशियन पेंट्स ने 31 मार्च को खत्म तिमाही के नतीजे मंगलवार को घोषित किए। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 0.20% घटकर 850.42 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में ये 852.13 करोड़ रुपए था। कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में कहा कि श्रीलंका के कारोबार में 115.70 करोड़ रुपए के अचानक नुकसान और सरकार से सब्सिडी में देरी के कारण प्रॉफिट कम हुआ है। मार्च तिमाही में सेल्स से कंपनी का रेवेन्यू 20.60% बढ़कर 7,889.94 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की इसी तिमाही में ये 6,541.94 करोड़ रुपए था। फर्म ने 15.50 रुपए के फाइनल डिविडेंड की भी घोषणा की है।




एशियर पेंट का शेयर मंगलवार को 85.75 रुपए या 2.85% की तेजी के साथ 3,091.00 रुपए पर बंद हुआ। इस शेयर ने इस साल 9.68% का निगेटिव रिटर्न दिया है। एशियन पेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अमित सिंगल ने कहा, कोविड, मैक्रो-इकोनॉमिक चुनौतियों और जियोपॉलिटिकल टेंशन से बढ़ी अनिश्चितता के बावजूद कंपनी ने एक और तिमाही में सभी बिजनेसेज में सॉलिड और स्ट्रॉन्ग डबल डिजिट ग्रोथ वैल्यू ग्रोथ दर्ज की है। उन्होंने कहा, डोमेस्टिक डेकोरेटिव बिजनेस मजबूती से बढ़ा है। इंटरनेशनल बिजनेस में भी डबल डिजिट रेवेन्यू ग्रोथ रही।

### जानिए मोहाली हमले में क्या हुए अहम खुलासे, एक्शन

# मोहाली में इंटेलिजेंस हैडक्वार्टर पर रॉकेट ग्रेनेड हमले की जांच कर रहीं हैं कई एजेंसियां, गैंगस्टर गिरफ्तार

## एनआईए, आर्मी के बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सैल पहुंची, करेगी जांच आरपीजी कैसे किया इस्तेमाल

चंडीगढ़/लुधियाना। मोहाली स्थित इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर हमले के मामले में पंजाब पुलिस के साथ ही एनआईए समेत कई एजेंसियां लगातार जांच में जुटी है। अब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल भी वहां पहुंच गई है। दूसरी तरफ इस मामले में पंजाब पुलिस ने तरनतारन के भिखीविंड के रहने वाले निशान सिंह को गिरफ्तार किया है।



हमले के तत्काल बाद इमारत के क्षतिग्रस्त हिस्से में जांच करती टीम।



मोहाली स्थित इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर हमले के बाद कड़ी नाकाबंदी, जांच एजेंसियों के पहुंचने का सिलसिला अब भी जारी।

**निशान पर ही निशाना क्यों...**



गिरफ्तार निशान सिंह

जानकारी के मुताबिक निशान सिंह तरनतारन के भिखीविंड का निवासी है। उसका गांव इंडो-पाक बॉर्डर के पास है। मोहाली व फरीदकोट की पुलिस ने जॉइंट एक्शन में उसे फरीदकोट से पकड़ा। उसके खिलाफ तरनतारन, अमृतसर, फरीदकोट, मोगा, गुरदासपुर जिले में कई संगीन जुर्म वाले मामले दर्ज हैं। वह फरीदकोट जेल में भी बंद रहा। उसके आपराधिक रिकार्ड के साथ पुलिस को कई इनपुट मिले, जिसके आधार पर सीआइए फरीदकोट ने उसे अमृतसर से पकड़ा। उसके संबंध खालिस्तानी समर्थकों से कब से है, यह पता लगाने को खुफिया एजेंसी की टीमें उसके गांव भी पहुंचीं।

**दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल क्यों आई...** सैल यह जांच करेगी कि हमले में रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड यानि आरपीजी का कैसे इस्तेमाल किया गया। इसी सैल ने पिछले दिनों आईएसआई-खालिस्तान नेटवर्क पर कई अहम खुलासे किए थे। गौरतलब है कि इसके पहले घटनास्थल पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानि एनआईए और सेना की टीमें पहुंचकर जांच-पड़ताल कर चुकी हैं।



वीके भावरा डीजीपी

**घातक टीएनटी का इस्तेमाल...**



मौके पर मिला लॉन्चर ग्रेनेड

पुलिस ने लॉन्चर-ग्रेनेड की रिकवरी के बाद रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से दावा किया कि अमेरिका ने यह हथियार ट्रेनिंग के लिए अफगानिस्तान को दिए थे। वहां तालिबान ने कब्जा लिए, जिसके बाद ये हथियार पाकिस्तान को बेच दिए। माना जा रहा है कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए इसी रॉकेट लांचर को पंजाब पहुंचाया गया। हमले की मंशा पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस रिकॉर्ड-नेटवर्क को तबाह करना था।

उड़ानी थी पूरी इमारत। डीजीपी वीके भावरा ने आशंका जताई कि हमले के लिए ट्राइ नाइट्रो टाल्यून यानि टीएनटी का इस्तेमाल हो सकता है। यानि पूरी इमारत को उड़ाने की साजिश थी। टीएनटी का इस्तेमाल आमतौर पर श्रीनगर में आतंकी हमले में होता रहा है। डीजीपी के दावे मुताबिक पुलिस को कई क्लू मिले हैं, जल्द ही यह केस सुलझ जाएगा।

**ऐंटी टैंक हथियार है आरपीजी...** आरपीजी एक रॉकेट से चलने वाला विस्फोटक है। यह मिसाइल की तरह होता है, इसे कंधे पर रखकर दागते हैं। आरपीजी को ऐंटी-टैंक हथियार मानते हैं, जो एक रॉकेट मोटर से जुड़े होता हैं, जिससे आरपीजी टारगेट तक जाता है। एक बार दगने के बाद इससे निकला ग्रेनेड अपने पंख खोलकर तेजी से आगे बढ़ता है। यह बंदूक की तरह होने के कारण आसानी से उठाकर एक से दूसरी जगह ले जा सकते हैं। एक आरपीजी की रेंज 700 मीटर से ज्यादा होती है। कुछ इतने मारक होते हैं कि उनसे किसी भी टैंक, बख्तरबंद गाड़ी, प्लेन या बिल्डिंग को उड़ाया जा सकता है।

**रिंदा बना सिरदर्द...**




पाकिस्तान में बैठा हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा

मोहाली अटैक के पीछे पाकिस्तान में बैठा कुख्यात गैंगस्टर हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा ही माना जा रहा है। मुमकिन है कि रिंदा ने ही ड्रोन के जरिए यह रॉकेट लांचर पंजाब भिजवाया हो। पुलिस अब गिरफ्तार किए निशान सिंह से रिंदा से संपर्क के बारे भी पूछताछ कर रही है। काबिलेजिक्र है कि लुधियाना कोर्ट कांप्लेक्स में ब्लास्ट मामले में भी रिंदा मास्टर-माइंड माना गया था। हमलावर हरियाणा में जांच में मिले क्लू के अनुसार इस ब्लॉस्ट को अंजाम देने वाले जिस स्विफ्ट कार में थे, वह धमाके के बाद मोहाली से डेराबस्सी गई। वहां से दप्पर टोल प्लाजा से होते हुए हरियाणा के अंबाला जिले में गई। हरियाणा में रेड कर रही पुलिस टीमें अंबाला से ही एक शक्की को पकड़ चुकी हैं। बताते हैं कि उससे पूछताछ में हमलावरों के बारे में कुछ क्लू मिले हैं।

ब्रह्मांड में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने वाले पुरस्कार विजेता प्रोफेसर बरिश का ज्ञानवर्धक सत्र

# कुंदन विद्या मंदिर में किया गया आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। कुंदन विद्या मंदिर सिविल लाइंस में छात्रों और समाज के हित में विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला के तहत जागरुकता कार्यक्रम कराया गया। इस श्रृंखला में कुंदनाइट्स को लुधियाना के विभिन्न स्कूलों के कई छात्रों के साथ नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर बैरी सी. बरिश से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनसे मुलाकात के लिए श्री कुंदन लाल ट्रस्ट के सदस्य डॉ. राजन गुप्ता और अमेरिका में महान ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक ने सत्र की व्यवस्था की। स्कूल के प्रिंसिपल एपी. शर्मा ने विषय विशेषज्ञ का परिचय कराया। यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण और अत्यंत ज्ञानवर्धक सत्र था। जिसमें दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों और उनके शिक्षकों को इस तथ्य से अवगत



कराया गया कि अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के सामान्य सिद्धांत का एक परिणाम गुरुत्वाकर्षण तरंगों का अस्तित्व है। ये चार-आयामी स्पेसटाइम में तरंगों की तरह होते हैं। जो तब होते हैं, जब द्रव्यमान वाली वस्तुएं तेज हो जाती हैं। प्रभाव बहुत छोटे हैं। साल 1970 के दशक की शुरुआत में लीगो डिटेक्टर को गुरुत्वाकर्षण तरंगों को रिकॉर्ड करने के लिए विकसित किया गया था। साल 1994 से इस परियोजना में बैरी बरिश की प्रमुख भूमिका थी और उन्होंने डिटेक्टर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साल 2015 में पहली बार गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता चला था। छात्रों को यह भी पता चला कि दो ब्लैक होल के एक में विलय के कारण गुरुत्वाकर्षण तरंगों के रूप में जारी ऊर्जा डब्ल्यूएस और गुरुत्वाकर्षण तरंगें भी एक न्यूट्रॉन स्टार जैसी एकल कताई विशाल वस्तु द्वारा उत्पन्न होती हैं। विद्यार्थी हमेशा ब्रह्मांड के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं और उनके पास प्रश्नों की एन संख्या होती है। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सोनिया वर्मा ने प्रश्न उत्तर सत्र की व्यवस्था की। फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्षा जसदीप कौर उप्पल जी ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

# मान सरकार ने हरसिमरत कौर, जाखड़ सहित आठ नेताओं की सुरक्षा घटाई

चंडीगढ़ / यूटर्न / 11 मई। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने बुधवार को बड़ा कदम उठाया। पंजाब सरकार ने राज्य के कई बड़े नेताओं की दी गई पुलिस सुरक्षा को घटा दिया है। इन नेताओं की सुरक्षा में लगाए गए पुलिसकर्मियों की संख्या में कमी की गई है और उनसे सरकारी वाहन भी वापस ले लिए हैं। भगवंत मान सरकार ने आठ नेताओं की सुरक्षा घटाई है उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल और पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ शामिल हैं। इस कदम से पंजाब सरकार ने कुल 127 कर्मचारियों को वापस बुला लिया है। बता दें कि पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पहले ही कहा था कि नेताओं को दी गई सुरक्षा घटाई जाएगी। इसके अनुरूप राज्य सरकार ने बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल और





कांग्रेस के पूर्व सांसद सुनील जाखड़ समेत आठ नेताओं की सुरक्षा को घटा दिया है। अहम बात यह है कि पूर्व मंत्री ओपी सोनी से 37 सुरक्षाकर्मी, फिरोजपुर के पूर्व विधायक परमिंदर सिंह पिंकी के पास 28 सुरक्षाकर्मी और एक वाहन था। सरकार ने इसमें से 26 सुरक्षाकर्मियों और वाहन को वापस ले लिया है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल जिनके पास जेड सिक्योरिटी है, की सुरक्षा में 36 पंजाब पुलिस के जवान और तीन वाहन शामिल थे।

# विधायक भोला ने न्यू सुभाष नगर में किया नये ट्यूबवेल का लोकार्पण



लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। निर्वाचन क्षेत्र लुधियाना पूर्व विधायक एस. दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने स्थानीय न्यू सुभाष नगर में एक नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ मि. तरसेम सिंह भिंडर भी मौजूद थे। विधायक भोला ने कहा कि पिछली सरकार में यह प्रोजेक्ट अधूरा था लेकिन अब इसे पूरा कर लिया गया है। उद्घाटन बहुत ही सरल तरीके से हुआ और उद्घाटन के समय कोई भाषण नहीं दिया गया। उन्होंने समय बचाने के लिए ग्रामीणों का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर सबी सेखो, गगनी, इंद्रजीत कौर, भूषण शर्मा, मोनू सभरवाल, भूपिंदर संधू, सतनाम खालसा, अशोक चौधरी, विशाल गुर्जर, तजिंदर टिंडी, राजू, कुलविंदर, किनू, जतिन, पाली गिल, बलदेव सिंह और सोनू भी मौजूद थे।

# श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, लुधियाना द्वारा आनलाइन 'बिजनेस प्लैन कांटेस्ट' का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, लुधियाना में स्कील एवं डिवेलपमेंट सैल द्वारा इंटरनल क्वालिटी एशोरेंस सेलके मार्ग दर्शन तहत आनलाइन "बिजनेस प्लैन कांटेस्ट" का आयोजन किया गया। इस कांटेस्ट में 11 टीमों ने हिस्सा लिया। इस कांटेस्ट आयोजन का उद्देश्य एक अच्छे एंटरपनिओर के गुणों को विकसित करना और उनके विचारों को महत्व देना था। बिजनेस प्लैन प्रतियोगिताएं छात्रों के लिए अपने विचार पर काम करने का अनुभव प्राप्त करने और इसे विकसित करने में मदद करने के लिए एक शानदार तरीका है। इस कांटेस्ट में छात्रों ने बिजनेस प्लैन से संबंधित अपने रचनात्मक विचार दिखाए। विधार्थियों ने इस कांटेस्ट के जरिए बताया कि बिजनेस प्लैन एक डॉक्यूमेंट है जो किसी नए बिजनेस से संबंधित "क्या",



"क्यों", और "कैसे" जैसे प्रश्नों का उत्तर देता है। यह प्लैन बताता है कि नए बिजनेस का मुख्य लक्ष्य क्या है और उसे कैसे प्राप्त कर सकते हैं। बिजनेस प्लान एक तरह से किसी बिजनेस के गाइड या रोडमैप की तरह है, जो चीजों को ट्रैक पर रखने में मदद करता है। हील लाइफ प्राइवेट लिमिटेड बिजनेस प्लान वाली टीम जिसमें बी.बी.ए. प्रथम के विधार्थी हंसिका खन्ना, परांजल जैन आशीष कुमार, विशाल, गीतांशी शामिल थे, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। होबी हब बिजनेस प्लान वाली टीम जिसमें बी.कॉम तृतीय के विधार्थी अभय,मनजोत, हर्षनीत कौर,सोनाली, भारती शामिल थे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रीडरपरिनिओरस बिजनेस प्लान वाली टीम जिसमे बी.कॉम प्रथम के विधार्थी गौतम जैन, अनुभव राय, नकुल गुप्ता, मिशा शामिल थे , ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# मोहाली के खुफिया विभाग पर हमला भगवंत मान सरकार की नाकामी का सबूत

भगवंत मान सरकार में चोरों के हौसले बुलंद, सरकार हुई पस्त

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल की ओर से राज्य महासचिव सुनील मेहरा, महासचिव सुरिंदर अग्रवाल, पियूष अग्रवाल की अध्यक्षता में मोहाली स्थित पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर सोमवार शाम हुए आतंकवादी हमले व राज्य में बिगड़ रही कानून व्यवस्था को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस माता रानी चौंक स्थित मंडल कार्यालय में की गई। इस मौके राज्य महासचिव सुनील मेहरा ने कहा पंजाब में भगवंत मान की सरकार को आए हुए 55 दिन हो गए हैं। परंतु राज्य में हालात सुधरने की बजाय




लगातार बिगड़ रहे हैं प्रतिदिन कहीं ना कहीं लूटपाट आतंकी हमले जैसी घटनाएं देखने को मिल रही हैं जिससे ऐसा लगता है कि आप आदमी की सरकार में चोरों और लुटेरों के हौसले तो बुलंद हैं और भगवंत मान इनके सामने पस्त दिखाई दे रहे है उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने राज्य में बदलाव को लेकर आम आदमी की सरकार को चुना था परंतु भगवंत मान की सरकार आज हर तरफ भी फल दिखाई दे रही है चाहे वह बिजली का मुद्दा हो चाहे बेरोजगारों को नौकरी देने का मुद्दा हो वहीं पंजाब में पहले से ज्यादा गैंगस्टर बढ़ गया है जिससे बाहर से आने वाला व्यापारी अब पंजाब में आने से घबराने लगा है। जिसका सबसे बुरा प्रभाव यहां की इंडस्ट्री पर पड़ेगा क्योंकि पंजाब में बढ़ रहे गैंगस्टर के कारण अगर बाहर से व्यापारी नही आएगा तो पंजाब का व्यापार डूब जायेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। लुधियाना में 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सिविल, कंपाउंडेबल क्रिमिनल केस, रेवेन्यू केस, ट्रैफिक चालान, क्लेम केस, मोटर व्हीकल केस सहित मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारे के लिए रखा जाएगा। जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी के सचिव व सीजेऐम रमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जगराओं, खन्ना, समराला और पायल सहित स्थानीय अदालतों में लगभग 32 के करीब लोक-अदालत बेंच स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने दावा किया कि लोक अदालतों में लोगों के समय और धन की बचत करती हैं और समाज में शांति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालतों में लिया गया निर्णय अंतिम होता है, जिसे किसी अन्य अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी के सचिव ने कहा कि वकीलों, बीमा कंपनी, बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें की गई, ताकि अदालतों पर लंबित मामलों का बोझ कम करने और वादियों को लाभ पहुंचाने के लिए लोक-अदालत में सक्रिय भागीदारी सुनिशित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि लोक अदालत विवादों के सस्ते और त्वरित समाधान को प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।

# यूपी से अगवा कर लुधियाना लाई गई नाबालिग निकली गर्भवती



लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। शहर में क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। दरअसल, उत्तर प्रदेश से अगवा कर लुधियाना लाई गई एक नाबालिग जांच में गर्भवती निकली है। बताया जा रहा है कि जब युवक किराए के मकान की तलाश रहा था तो उसी समय लोगों को उन पर शक पड़ गया। सूचना मिलते ही जब पुलिस मौके पर पहुंची तो नाबालिग की जांच कराई गई और वो गर्भवती पाई गई। अब पुलिस ने नाबालिग के बयान पर आरोपित के खिलाफ उसे अगवा करके दुष्कर्म करने व पॉक्सो एक्ट के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अगली कार्रवाई के लिए उस एफआईआर को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट पुलिस को भेज दिया गया है। एएसआइ दिलबरग सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान जिला चित्रकूट के गांव खरोड़ निवासी 19 वर्षीय सूरज के रूप में हुई। पुलिस ने चित्रकूट के गांव चोरा निवासी 16 वर्षीय नाबालिग के बयान पर उसके खिलाफ उक्त केस दर्ज किया है।

मामला शहीद सुखदेव की जन्म स्थली के सौंदर्यकर्ण के कार्य में नगर निगम की लेटलतीफी का

# वायदे अनुसार मांगे जल्द पूरी न हुई तो मुख्यमंत्री के घर के बाहर करेगें भूख हड़ताल : अशोक थापर

लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। शहीद सुखदेव की जन्म स्थली के सौंदर्यकर्ण कार्य में देरी के विरोध में पिछले 8 दिनों से चल रही क्रमवार भूख हड़ताल के दबाव में झुकते हुए पंजाब सरकार ने शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट की सभी तीनों मांगों को स्वीकार कर महंत नारायण पुरी जी की मौजूदगी में भूख हड़ताल खत्म करवाई। पंजाब सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर पधारे विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू व डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक थापर के नेतृत्व में क्रमवार भूख हड़ताल पर बैठे आशीष बौनी, पाली सहजपाल, चेतन मल्होत्रा, अमरजीत भट्टी,





चेतन मल्होत्रा व सुनील ठाकुर को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई। शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक थापर ने जानकारी देते हुए कहा कि आप के तीनों विधायकों व डिप्टी कमिश्नर ने उन्हे आश्वासन दिया है कि शहीद सुखदेव की जन्म स्थली के सौंदर्यकर्ण के कार्य को जल्द मुक्कमल कर दिया जाएगा। वहीं भूमि एक्वायर कर चौड़ा बाजार से जन्म स्थली को सीधा रास्ता भी जल्द मिल जाएगा। सौंदर्यकर्ण का कार्य मुक्कमल होने पर मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद शहीद सुखदेव थापर की चरणछोह प्राप्त भूमि का नए स्वरूप में उदघाटन करेंगे।

# फिक्की एफएलओ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सेल्फ ग्रूमिंग मेकअप वर्कशॉप का आयोजन















लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। फिक्की एफएलओ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से चेयरपर्सन नेहा गुप्ता की अध्यक्षता में सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट नम्रता सोनी के साथ सेल्फ ग्रूमिंग मेकअप वर्कशॉप का आयोजन किया गया।बता दे कि नम्रता सोनी एक भारतीय मेकअप आर्टिस्ट हैं, जो अपने सिग्नेचर ल्यूमिनस स्किन-लाइक मेकअप लुक के लिए मशहूर हैं। फ्लो से पूजा तुली, चीना मरवाहा और हरलीन जैन ने मेकअप आर्टिस्ट द्वारा लड़कियों को एक सेल्फ ग्रूमिंग वर्कशॉप दी गई।एल। नम्रता सोनी ने फ्लो वर्टिकल सशक्त की सुविधा प्रदान की। सशक्त प्रमुख सनम मेहरा संयुक्त कोषाध्यक्ष ने रिचा बस्सी के साथ लुधियाना के फ्लो मेकअप आर्टिस्ट के तहत 12 वंचित लड़कियों के लिए एक सेल्फ ग्रुमिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। उन लड़कीयों को मेकअप आर्टिस्ट नम्रता सोनी ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।अंकिता गुप्ता सीनयर वाइस चेयरपर्सन ने मंच पर अध्यक्ष नेहा गुप्ता का स्वागत किया और नम्रता सोनी का भी स्वागत किया। सनम मेहरा ने फ्लो वर्टिकल सशक्त का संक्षिप्त परिचय दिया। पल्लवी पाहवा सेक्रेटरी ने धन्यवाद किया। कोर और एडवाइजरी ने नम्रता सोनी को ग्रीन सर्टिफिकेट प्रदान किया।

# सीएम मान ने 32 अधिकारियों का किया तबादला

चंडीगढ़ / यूटर्न / 11 मई। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने राज्य में एक बार फिर प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए हैं। राज्य सरकार ने 32 आइएएस और पीसीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। ये तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। राज्य सरकार ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी और सचिव स्तर के अधिकारियों के संग - संग जिलों के अधिकारियों को इधर से उधर किया है। बता दें कि भगवंत मान सरकार ने कुछ दिन पहले 81 प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए थे। माना जा रहा है कि राज्य में अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

प्रिंसिपल सेक्रेटरी दिलीप कुमार को इन्वेस्टमेंट प्रमोशन विभाग का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। बुधवार को किए गए बदलाव में प्रिंसिपल सेक्रेटरी दिलीप कुमार को उनके पुराने विभागों के साथ साथ प्रिंसिपल सेक्रेटरी इन्वेस्टमेंट प्रमोशन का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

**इन अधिकारियों के किए गए तबादले-**

कुमार राहुल - सेक्रेटरी इम्पलॉयमेंट जेनरेशन।

अमित कुमार- सेक्रेटरी ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर और कमिश्नर नरेगा लगाया गया है। स्पेशल सेक्रेटरी ग्रामीण विकास का उनके पास अतिरिक्त चार्ज रहेगा।

राजीव कुमार गुप्ता - एडीसी जनरल जालंधर।

अंकुरजीत सिंह- एडीसी जनरल पठानकोट।

विराज श्याम करण थिरका- एडिश्नल



कमिश्नर टेक्सेशन वन, पटियाला

हरप्रीत सिंह- एसडीएम अमृतसर -2, एसडीएम मजीठा का अतिरिक्त चार्ज।

मनीषा राणा- एसडीएम आनंदपुर साहिब और एसडीएम नंगल का अतिरिक्त चार्ज।

**पीसीएस अफसर -**

अवनीत कौर- एडीसी अर्बन डेवलपमेंट, फतेहगढ़ साहिब।

इशा सिंगला- एडीसी रूरल डेवलपमेंट, पटियाला।

अनुप्रीत कौर- एसडीएम, अजनाला।

नवप्रीत कौर सेखों- एसडीएम, पातड़ां।

पूनम सिंह- एसडीएम, अमलोह।

राजेश कुमार शर्मा- एसडीएम, डेरा बाबा नानक।

राम सिंह- एसडीएम, निहाल सिंह वाला।

वरिंदर सिंह- एसडीएम, मौड़ मंडी।

अरविंद कुमार- डिप्टी सेक्रेटरी अर्बन डेवलमेंट , अतिरिक्त चार्ज साइंस एंड टेक्नालॉजी।

गुरसिमरन सिंह ढिल्लों- एसडीएम, लुधियाना ईस्ट।

अमित गुप्ता- एसडीएम, धूरी

स्वाति टिवाणा - सेक्रेटरी, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड

वीरपाल कौर - एसडीएम, कोटकपूरा।

हरप्रीत सिंह अटवाल - एसडीएम, फतेहगढ़ साहिब।

गोपाल सिंह - एसडीएम एसडीएम, बरनाला।

गुरविंदर सिंह जौहल- एसडीएम, बस्सी पठाणा।

जसबीर सिंह -- एसडीएम, मोरिंडा

रणदीप सिंह हीर - एसडीएम, नकोदर

कुलदीप बावा - एसडीएम, समराला

पवित्र सिंह - इस्टेट अफसर, पटियाला

संजीव कुमार - एसडीएम, भुलत्थ

रविंदर सिंह - एसडीएम, खरड़

अमरीक सिंह - एसडीएम, चमकौर साहिब

प्रमोद सिंगला - एसडीएम, बुढलाडा।

# खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फॉर विमेन में छठा वार्षिक दीक्षांत समारोह संपन्न






लुधियाना / यूटर्न / 11 मई। लुधियाना में खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फॉर विमेन, सिविल लाइंस में छठे वार्षिक दीक्षांत समारोह सह पूर्व छात्र बैठक का आयोजन बड़े शैक्षणिक उत्साह और उत्साह के साथ किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) जे.एस. महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन चीमा ने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्री प्रदान की। कुल 280 डिग्री प्रदान की। अपने दीक्षांत भाषण में उन्होंने छात्रों से समुदाय की देखभाल के लिए अपने व्यक्तित्व को आकार देने में अपनी बुद्धि का उपयोग करने का आह्वान किया। अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में उनकी भूमिका को खड़ा होना चाहिए और उनकी सराहना की जानी चाहिए यदि वे पर्यावरण और आर्थिक कल्याण के राष्ट्रीय उद्देश्यों की परवाह करते हैं। नीरज जैन, प्रबंध निदेशक, नव पंकज क्रिएशन्स विशेष अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के पदों को सुरक्षित करने के लिए संस्थान के 34 मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।डॉ. हरप्रीत कौर, निदेशक केआईएमटी ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।गुरसिमरन सिंह अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष खालसा दीवान ने इस अवसर पर उपस्थित होकर छात्रों को बधाई दी।

## स्वास्थ्य

# कोहनी के कालेपन को दूर करने के कुछ बेहतरीन घरेलू उपाय



हमारे शरीर के कुछ अंग ऐसे होते हैं, जहां पर अन्य हिस्सों की अपेक्षा अधिक कालापन होता है, लेकिन फिर भी उन हिस्सों पर हमारा ध्यान कम ही जाता है। आमतौर पर, हम सभी अपने चेहरे को अधिक पैम्पर करते हैं। ऐसा ही एक बॉडी पार्ट है कोहनी, जिसका कालापन आपको कभी-कभी शर्मिन्दा भी कर देता है। हो सकता है कि शायद आपकी कोहनी बहुत अधिक काली हों और इसलिए उनका कालापन छिपाने के लिए आप फुल स्लीव्स आउटफिट पहनना पसंद करती हों। लेकिन अब आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस लेख में हम आपको कोहनी के कालेपन को दूर करने के कुछ बेहतरीन उपायों के बारे में बता रहे हैं-


### एलोवेरा

एलोवेरा स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। 2012 में हुए एक अध्ययन के अनुसार, एलोवेरा आपकी स्किन को लाइटन कर सकता है। इसलिए, आप एलोवेरा जेल या लोशन को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करें और इसे दिन में कम से कम दो बार अवश्य लगाएं।

### बेकिंग सोडा

स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि बेकिंग सोडा में एक्सफोलिएटिंग और स्किन को लाइटन करने वाले दोनों गुण होते हैं जो कोहनी के कालेपन का इलाज करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए, आप एक कटोरी में पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स करें। आप धीरे-धीरे बेकिंग सोडा की मात्रा बढ़ाते रहे। जब यह एक स्मूद पेस्ट बन जाए तो इसे अपनी कोहनी पर लगाएं। करीबन 10 से 15 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें और फिर धो लें। सप्ताह में दो बार आप इस उपाय को अपना सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि आप इस उपाय को कभी भी अपने फेस पर ना अप्लाई करें।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति



साभार



साभार

# आजम खान की नाराजगी अखिलेश यादव को कहीं भारी ना पड़ जाये



उत्तर प्रदेश की रिक्त दो महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों के लिए के लिए जुलाई में मतदान होना है। इसमें से एक सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव और दूसरी सीट आजम खान के लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण खाली हुई है। दोनों ने ही विधायकी का चुनाव जीतने के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अखिलेश यादव जहां आजमगढ़ से सांसद थे वहीं आजम खान रामपुर से। आजमगढ़ से डिंपल यादव को चुनाव लड़ाए जाने की चर्चा है, वहीं रामपुर से आजम की जगह कौन चुनाव लड़ेगा? यह तय नहीं हो पा रहा है। वैसे उम्मीद यही थी कि आजम की जगाह उनके किसी पसंद के ही नेता को चुनाव लड़ाया जाएगा, लेकिन आजम ने जिस तरह से अखिलेश यादव के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, उसको देखते हुए कोई भी विश्वास के साथ यह नहीं कह सकता है कि रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए कौन अखिलेश यादव की पसंद बनेगा। राजनीति के गलियारों में चर्चा यह भी है कि आजम की अखिलेश यादव से नाराजगी की असली वजह रामपुर लोकसभा उप चुनाव ही हैं। आजम खान इस समय दबाव की राजनीति कर रहे हैं, वह जानते हैं कि समाजवादी पार्टी ही नहीं अन्य किसी दल में भी उनके कद का कोई मुस्लिम नेता नहीं है। समाजवादी पार्टी में आजम के बाद मुस्लिम चेहरे के रूप में संभल के सांसद शफीक उर रहमान बर्क और मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन ही नजर आते हैं। वह भी आजम खान के साथ नजर आ रहे हैं। संभल के सांसद बर्क भी आजम के सुर में सुर मिलाते हुए अखिलेश को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं, जो अखिलेश की परेशानी बढ़ाने के लिए काफी है। वहीं मुरादाबाद से सांसद एसटी हसन भी आजम खान प्रकरण से खुश नहीं नजर आ रहे हैं। यह और बात है कि इन दोनों नेताओं का प्रभाव केवल इनके इलाके और जिले तक ही सीमित है। दिग्गज नेता अहमद हसन के निधन और आजम खान की नाराजगी के बाद समाजवादी पार्टी में मुस्लिम लीडरशिप खाली नजर आ रही है।

प्रदेश में अन्य मुस्लिम नेताओं की बात की जाए तो अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे बाहुबली ही नजर आते हैं, पर योगी सरकार का बुलडोजर चलने के बाद इनकी हैसियत ना के बराबर हो गई है। हालांकि अंसारी फैमिली में अफजाल अंसारी सांसद हैं, जबकि मुख्तार के बेटे अब्बास और बड़े भाई सिगबुतल्लाह के बेटे मन्नू अंसारी इस बार विधायक चुने गए हैं। पूर्व विधायक इमरान मसूद और पीस पार्टी बनाकर सियासत कर रहे डॉक्टर अयूब के सितारे भी गर्दिश में ही नजर आ रहे हैं। वहीं कैराना विधायक नाहिद हसन जेल में हैं। खैर, बात मुस्लिम बहुल सीटों की की जाए तो उत्तर प्रदेश विधान विधानसभा की 403 सीटों में से करीब 150 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटरों का असर है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के अलावा पश्चिमी यूपी में मुसलमानों की बड़ी आबादी है। सिर्फ पश्चिमी यूपी में 26.21 फीसदी मुसलमान हैं। पश्चिमी यूपी में 26 जिले आते हैं, जहां विधानसभा की 136 सीटें हैं। जयंत चौधरी भी आजम खान के परिवार से मिलकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वोटर्स को साधना चाहते हैं। इसीलिए शिवपाल यादव से लेकर कांग्रेस और आजाद समाज पार्टी भी आजम पर डोरे डालने में लगी है। ओवैसी सपा से नाराज आजम को खुला निमंत्रण दे ही चुके हैं। लब्बोलुआब यह है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में मुसलमानों की अखिलेश-मुलायम से नाराजगी की वजह से यूपी का सियासी गणित दिलचस्प हो गया है। आजम के मीडिया सलाहकार शानू ने ईद तक आजम के बाहर आने की उम्मीद जाहिर कर दी, लेकिन ऐसा हो ना सका। इसी के बाद आजम खान के विधायक पुत्र अब्दुल्ला ने एक ट्वीट करके अखिलेश को खूब खरी खरी सुनाई। गौरतलब है कि आजम को एक मुकदमे को छोड़कर सभी में जमानत मिल चुकी है। ईद पर आजम के समर्थकों ने अखिलेश को निशाने पर लिया तो वहीं शिवपाल यादव का दर्द भी ईद की मुबारकबाद देते समय सामने आ गया। उन्होंने कहा कि जिसको हमने सींचा उन्होंने ही हमको रौन्द दिया। उधर, रामपुर के गलियारों में जो चर्चा है उसके अनुसार यदि अखिलेश बगावती तेवर दिखा रहे आजम खान को आश्वासन दे दें कि रामपुर लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पसंद का प्रत्याशी मैदान में उतारा जाएगा तो आजम की नाराजगी काफी कम हो सकती है। आजम खां के इस्तीफा देने के कारण रामपुर लोकसभा सीट पर जुलाई तक उपचुनाव होना है। आजम खां इस सीट पर अपने परिवार से ही टिकट चाहते हैं। अभी तक अखिलेश ने कोई वादा नहीं किया है कि उनके परिवार से ही किसी को टिकट देंगे। जाहिर-सी बात है कि आजम खां अखिलेश से पक्का वादा चाहते हैं और जब तक यह वादा मिल नहीं जाता, उनकी नाराजगी बनी रहेगी। रामपुर से दस बार के एमएलए आजम खान फिलहाल सीतापुर जेल में हैं। वह 2019 में रामपुर से सांसद चुने गए थे। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में विधायक का चुनाव लड़े। उनके समर्थकों को उम्मीद थी कि सूबे में सत्ता परिवर्तन होगा और सपा सरकार आने पर आजम की रिहाई होगी। सरकार में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की आस भी थी, लेकिन आजम तो चुनाव जीते मगर सपा सत्ता में आने से वंचित रह गई। तब माना गया कि समाजवादी पार्टी आजम खान को विधानसभा में नेता विपक्ष बनाएगी, उसके बाद आजम के ऊपर कानूनी शिकंजा ढीला पड़ जाएगा। इसलिए उन्होंने सांसद का पद भी छोड़ दिया, लेकिन अखिलेश यादव खुद नेता विपक्ष बन गए। इससे आजम समर्थकों की नाराजगी सामने आई। उनके मीडिया प्रभारी फसाहत शानू ने बाकायदा मीडिया के सामने सपा और अखिलेश पर आजम का साथ नहीं देने का आरोप लगाया। उसके बाद जगह-जगह से आजम की रिहाई की आवाज उठने लगीं। सूबे के कई सपाइयों ने अपने पद से आजम के पक्ष में इस्तीफा दे दिया।

# कम पैसों में करना चाहते हैं ढेर सारी शॉपिंग? तो मुम्बई के बाजारों की लगा सकते हैं दौड़

शॉपिंग लवर्स के लिए मुंबई किसी जन्नत से कम नहीं। बॉलीवुड की नगरी होने की वजह से इस शहर का अपना एक अलग स्टाइल स्टेटमेंट है। हम आपको मुंबई की बेस्ट और सस्ती मार्केट्स के बारे में बताते हैं।

### लिंकिंग रोड

लिंकिंग रोड मुंबई में शॉपिंग करने के लिए सबसे सस्ती जगहों में से एक है। यहाँ पर आपको कपड़ो से लेकर जूते-चप्पल, बैग्स और ज्वेलरी तक सब कुछ मिल सकता है। इस मार्किट में आपको लेटेस्ट फैशन से जुड़ी सारी चीज़ें सस्ते दामों पर मिल जाएंगी। लेकिन अगर आप अपनी पसंद की चीज़ें सस्ते दामों पर खरीदना चाहते हैं तो इस मार्किट में शॉपिंग करते वक्त आपको बार्गेन करना होगा। इस मार्किट में आपको फैंसी डिजाइनर ब्रैंड या ए ग्रेड की नकली कॉपी भी मिल जाएगी। इस मार्किट में कपड़ों के अलावा कई सारे कैफे और रेस्तरां भी हैं जहाँ आप शॉपिंग के बाद खाने-पीने जा सकते हैं।

### लोखंडवाला मार्केट

मुंबई के लोखंडवाला का नाम तो आपने सुना ही होगा। लोखंडवाला मार्केट मुंबई में शॉपिंग करने के लिए सबसे सस्ती जगहों में से एक है। इस मार्किट में आपको लड़कियों के साथ-साथ लड़कों के लिए भी शॉपिंग के ऑप्शन भी मिल



जाएंगे। यहाँ आपको कपड़े, जूते-चप्पल, बैग्स के साथ-साथ फोन अक्सेसरीज भी मिल जाएंगी। इस मार्किट में आप शॉपिंग के साथसाथ स्ट्रीट फूड का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यहाँ स्ट्रीट फूड और ड्रिंक्स की कई दुकाने हैं।

### हिल रोड

बांद्रा वेस्ट की हिल रोड मार्किट मुंबई के लोकल लोगों के बीच काफी फेमस है। यहाँ आपको लेटेस्ट फैशन टेंड्स की सारी चीज़ें सस्ते दामों पर मिल जाएंगी। इस मार्किट में कपड़ों और जूते-चप्पलों की तमाम दुकानें हैं। यहाँ आपको लेडीज और जेंट्स के अलावा बच्चों की शॉपिंग के भी कई ऑप्शन मिल जाएंगे। इस मार्किट में हफ्ते के आखिर में बहुत भीड़ होती है। लोकल ही नहीं मुंबई घूमने आये टूरिस्ट भी यहाँ शॉपिंग करने आते हैं।

### फैशन स्ट्रीट

अपने नाम के मुताबिक ही फैशन स्ट्रीट में आपको लेटेस्ट फैशन की सभी चीज़ें बहुत ही सस्ते दामों पर मिल जाएंगी। यह मार्किट कॉलेज स्टूडेंट्स के बीच काफी ज़्यादा फेमस है। यहाँ पर आपको लेटेस्ट फैशन और डिज़ाइनर चीज़ों की फर्स्ट कॉपी बहुत ही कम रेट में मिल जाएगी। शॉपिंग के कई सारे और सस्ते ऑप्शन होने के कारण इस मार्किट में हमेशा बहुत भीड़ रहती है। इस मार्किट से अच्छी शॉपिंग करने के लिए आपको थोड़ा खाली वक्त चाहिए होगा।

### कोलाबा कॉजवे

साऊथ मुंबई में स्थित कोलाबा कॉजवे एक बहुत फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। इस मार्किट में बड़े-बड़े बुटीक से लेकर फुटपाथों पर स्टॉल्स तक हर जगह भीड़ रहती है। दोपहर के बाद भीड़ और ज़्यादा बढ़ जाती है इसलिए इस मार्किट में सुबह शॉपिंग करना बेहतर रहेगा। यहां आपको हर तरह के कपडे, फुटवेयर और अक्सेसरीज के सैकड़ों डिजाइन्स मिल जाएंगे। आप यहां से जी भर के शॉपिंग कर सकती हैं। यहाँ शॉपिंग करते वक्त बार्गेन करके आप आधे दामों में सामान खरीदकर ले जा सकते हैं। इस मार्किट में आप स्ट्रीट शॉपिंग के साथ-साथ स्ट्रीट फूड का भी आनंद ले सकते हैं।

# 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे कार्तिक का वर्ल्ड कप खेलने के लिए दावा मजबूत

मुंबई / यूटर्न: आईपीएल 2022 की 12 पारियों में 200 की स्ट्राइक रेट और 68 की औसत से 274 रन बना चुके दिनेश कार्तिक के खेल का स्तर बेहद शानदार नजर आया है। 36 वर्षीय डीके की वजह से अब टीम इंडिया में ऋषभ पंत की जगह पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। आईपीएल 2022 में डेथ ओवर के दौरान डीके की बैटिंग के सामने दिग्गज गेंदबाज भी पानी भरते नजर आए हैं। डीके के दमदार प्रदर्शन को देखकर उनके टी-20 वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीद जताई जी रही है। ऐसे में मौजूदा प्रदर्शन के आधार पर ऋषभ पंत के ऊपर दिनेश कार्तिक को वरीयता दी जा सकती है।

### आरसीबी की हर जीत में नाबाद रहे हैं दिनेश कार्तिक

यहां पर बात केवल तेजी से बल्लेबाजी करके कुछ रन जोड़ देने की नहीं है। दिनेश कार्तिक RCB को मिली सभी जीत में नाबाद रहे हैं। इन नॉट आउट पारियों में उन्होंने 202 की स्ट्राइक रेट से 200 रन बनाए हैं। सनराइजर्स के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत माना जाता है, लेकिन उसके खिलाफ भी इस स्टार बल्लेबाज ने 8 गेंदों पर नाबाद 30 रन जड़ दिए। क्रिकेट फैंस लगातार सोशल मीडिया पर डिमांड कर रहे हैं कि साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की टीम में दिनेश को होना ही चाहिए। 2004 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने वाले दिनेश कार्तिक कई बार टीम में कमबैक करते रहे हैं।

### पंत के बल्ले से नहीं आ रही है मैच विनिंग पारी

एक तरफ दिनेश कार्तिक लगातार अपने प्रदर्शन से वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो वहीं ऋषभ पंत का बल्ला मानो उनसे रूठ गया है। बैटिंग में निराशाजनक प्रदर्शन के बीच विवादों के कारण वह जरूर सुर्खियां बटोर रहे हैं। टॉप ऑर्डर में खेलने वाले पंत अब तक IPL में एक भी मैच विनिंग इनिंग नहीं खेल सके हैं। गौर करने वाली बात है कि पंत के बल्ले से अबतक इस सीजन में 1 भी अर्धशतक नहीं निकला है राजस्थान के खिलाफ हुए मुकाबले में जिस तरह पंत ने अंपायर द्वारा नो-बॉल न देने पर अपने बल्लेबाजों को वापस आने का इशारा किया था, उससे उनकी छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। अगर पंत IPL 15 ग्रुप स्टेज के बाकी बचे 3 मुकाबलों में




लय में नहीं लौटते हैं, तो टी-20 विश्व कप में उनके चयन पर सवालिया निशान लग सकता है।

### विराट डीके के प्रदर्शन से खासे प्रभावित

डीके इस साल RCB के लिए बल्ले से कहर बरपा रहे हैं। सभी चयनकर्ता उनके प्रदर्शन पर जरूर निगाहें टिकाए होंगे। दिनेश कार्तिक की टीम में विराट कोहली भी मौजूद हैं। हमने देखा था कि एक मैच के बाद इंटरव्यू सेशन के दौरान डीके ने कोहली को साफ तौर पर कहा था, 'मैं टी-20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाना चाहता हूं।' जवाब में विराट ने कहा था कि कार्तिक की तरह अभी कोई भी मैच फिनिश नहीं कर पा रहा है। विराट अब टीम इंडिया के कप्तान नहीं हैं, लेकिन जब विश्व कप के लिए टीम चुनी जाएगी तो सीनियर प्लेयर होने के नाते उनसे सलाह मशविरा अवश्य होगा।

### बखूबी निभा रहे हैं फिनिशर की भूमिका

36 वर्षीय दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम में फिनिशर की भूमिका दी गई है। हमने देखा है कि डीके इसके लिए लगातार अभ्यास भी कर रहे हैं। जिन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कम से कम 100 रन बना लिए हैं, उनमें सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट दिनेश कार्तिक का है। डीके इस सीजन 200 के स्ट्राइक रेट से खेल रहे हैं। उनके बल्ले से IPL 15 के चौथे सर्वाधिक 21 छक्के निकले हैं।

### जब डीके का बल्ला नहीं चला, टीम को नसीब हुई हार

दिनेश कार्तिक के फॉर्म का महत्व आप इससे समझ सकते हैं कि तीन मुकाबलों में जब उनके रन नहीं बने, तो बेंगलुरु को हैट्रिक हार का सामना करना पड़ा। आखिरी दो मुकाबलों में उन्होंने रन बनाए, तो बेंगलुरु ने CSK और SRH के खिलाफ खेले गए मुकाबलों में जीत दर्ज की। अगर बेंगलुरु को प्लेऑफ से आगे बढ़ना है तो डीके की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रहेगी।

### चेन्नई और हैदराबाद के खिलाफ दिखा आक्रामक अंदाज

चेन्नई के लिए बेंगलुरु के खिलाफ खेला गया मुकाबला करो या मरो वाला मैच था। दूसरी तरफ बेंगलुरु भी तीन मुकाबले गंवा कर मैदान पर उतर रही थी। ऐसे में डीके ने 17 बॉल पर 26 रन की नॉटआउट पारी खेल दी। इसके बाद सनराइजर्स के खिलाफ कार्तिक के बल्ले से 4 धमाकेदार छक्के निकले। फजलहक फारूकी के आखिरी ओवर में 25 रन बटोर कर डीके ने टीम का स्कोर 192 तक पहुंचा दिया। परिणाम यह हुआ कि टीम को 67 रनों की भव्य जीत नसीब हुई। इन दोनों मुकाबलों से पहले कार्तिक के बल्ले से 0, 6 और 2 रन निकले थे।

## मलाइका ने शेयर की ग्लैमरस फोटो

इसमें कोई शक नहीं है कि मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की सबसे ब्यूटीफुल और ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। सोशल मीडिया पर उनकी स्टनिंग और सिज़लिंग तस्वीरें अक्सर धमाल मचा देती हैं। मलाइका भी इंस्टाग्राम पर अपने फैन्स को अपडेटेड और बांधे रखने के लिए अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में छैय्या छैय्या गर्ल ने अपनी एक बेहद खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर को देख कर ये कहा जा सकता है कि मलाइका बढ़ती उम्र के साथ दिन ब दिन और जवां होती जा रही हैं। ऐज इज जस्ट अ नंबर, लगता है जैसे बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के लिए ही यह बात कही गई है। हाल ही में मलाइका की इंटरनेट पर वायरल हो रही तस्वीर को देखकर यकीनन आप भी यही कहेंगे। दरअसल मलाइका अरोड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर अपनी एक लेटेस्ट फोटो अपलोड की है, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। अपनी इस लेटेस्ट तस्वीर में मलाइका डार्क पिंक कलर के शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं। कॉलर और बेल्ट का कॉम्बिनेशन मलाइका की ड्रेस को बहुत ही स्टाइलिश बना रहा है।



## बोल्ड हुईं नुसरत जहां

पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस की सांसद और बंगाली फिल्मों की अभिनेत्री नुसरत जहां ने राजनीति से लेकर अभिनय तक अपनी एक खास पहचान बनाई है। नुसरत अपने काम के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। नुसरत कभी अपनी शादी तो कभी बेटे तो कभी यश दासगुप्ता संग अपने रिलेशनशिप को लेकर इंटरनेट पर छाई रहती हैं। इन्हीं सब के साथ नुरसत अपनी बोल्ड पर्सनैलिटी के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर ही सोशल मीडिया पर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर इंटरनेट का पारा हाई करती रहती हैं। इस बीच नुसरत की एक लेटेस्ट बोल्ड तस्वीर चर्चा में बनी हुई है। टीएमसी सांसद नुसरत जहां ने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए एक बार फिर से नुसरत फैंस को हैरान करती दिख रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि नुसरत जहां ने ब्लू कलर की बिकिनी ब्रालेट पनही हुई है। इसके साथ ही उन्होंने लॉन्ग स्कर्ट कैरी की है जो उनको काफी डिफरेंट लुक दे रहा है। पहली फोटो में नुसरत अपने दोनों हाथ ऊपर करके पोज देती नजर आ रही हैं। तो वहीं दूसरी त्स्वीर में वह बीन बैग पर लेटी दिख रही हैं। इन दोनों ही तस्वीरों में उनके पोज ने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को जहां कुछ फैंस काफी पसंद कर रहे हैं, तो वहीं कई उन्हें ट्रोल करते दिख रहे हैं। इस पर कमेंटर कर एक यूजर ने लिखा, 'उफ्फ मैं मरजावां।




## रश्मिका को है थलपति विजय पर क्रश



पुष्पा फेम रश्मिका मंदाना इन दिनों काफी चर्चा में हैं। पुष्पा में उनकी क्यूटनेस और एक्टिंग दोनों को काफी पसंद किया गया था। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन फोटो वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। फैंस उन्हें नेशनल क्रश कहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि पुष्पा की श्रीवल्ली का क्रश कौन है? इस सवाल का खुलासा हो गया है, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बता रही हैं कि उन्हें साउथ एक्टर पर क्रश है। और वह हैं विजय थलपति। बता दें कि विजय के साथ जल्द ही रश्मिका फिल्म में दिखने वाली हैं। दोनों ने साथ में फिल्म साइन की है। रश्मिका ने थलपति विजय के साथ हाल ही में फोटो शेयर करते हुए लिखा था, आप में से बहुत से लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या मैं विजय सर और एटली सर की फिल्म का हिस्सा हूं, मुझे उम्मीद है कि मुझे जल्द ही उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा। मैं आप सभी से इस तरह का समर्थन देखकर अभिभूत हूं। मैं निश्चित रूप से जल्द ही उनके साथ काम करूंगी। मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं। रश्मिका ने थलपति विजय के साथ फिल्म के मुहूर्त से कुछ फोटो भी शेयर की थीं, जिसमें वह विजय की नजर उतारती दिखाई दे रही थीं। फैंस को दोनों की ये फोटो खूब पसंद आई। रश्मिका ने इन तस्वीरों को कैप्शन देते हुए लिखा वह सालों से विजय को देख रही थीं और अब उनके साथ एक्टिंग करने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। रश्मिका और विजय ने सेट पर टीम के लोगों के सात पूजा की। साथ ही उन्होंने एक साथ फोटो के लिए पोज भी दिया।

खुद बोलती तस्वीर



जवाद शाहिद

यूएसए के आर्टिस्ट जवाद शाहिद की डिजिटल-पेंटिंग...

# रेलवे ने की 'बेबी बर्थ' की शुरुआत

## अब मां के करवट बदलने पर बच्चे के गिरने का डर नहीं होगा

नई दिल्ली/ यूटर्न: मां को अपने छोटे बच्चे के साथ ट्रेन के सफर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेन की बर्थ एक इंसान के लिए ही काफी होती है। बगल में बच्चे को सुलाने के बाद मां के लिए जगह ही नहीं बचती। बच्चे को किनारे सुलाने पर उसके गिरने का भी खतरा होता है। ऐसे में ज्यादातर मांएं जाग कर ही सफर कर पाती हैं। अब इंडियन रेलवे ने मांओं के इस दुख को समझते हुए 'बेबी बर्थ' की शुरुआत की है। यह बर्थ से बाहर की ओर लगी एक छोटी बर्थ होगी। जहां बच्चे को सुलाया जा सकेगा।

### मदर्स डे पर रेलवे ने दी सौगात, डीआरएम ने ट्वीट कर बताया

● रेलवे ने ये विशेष सुविधा मदर्स डे के मौके पर शुरु की है। उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के डीआरएम ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। ट्वीट में उन्होंने बताया कि शुरुआत में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दिल्ली से लखनऊ को जाने वाली गाड़ी लखनऊ मेल में यह सुविधा दी गई है। 'बेबी बर्थ' में स्टॉपर भी लगाया गया है। ताकि बच्चे को गिरने के रोका जा सके। इसी सीट को ऊपर-नीचे भी किया जा सकता है। रेलवे के इस फैसले का कुछ महिलाएं विरोध भी कर रही हैं। उनका कहना है कि किनारे की तरफ बेबी बर्थ देना बेकार फैसला है। एक यूजर ने लिखा कि 'महिलाएं आम तौर पर अपने बच्चे को दीवार की ओर सुलाती हैं। किनारे की ओर सुलाने से बच्चे के चोरी होने का खतरा होगा।




### दुनिया में ऐसा कहीं और नहीं, हो रही तारीफ

बता दें कि छोटे बच्चों के लिए मां की बर्थ से लगी अलग बर्थ का कॉन्सेप्ट बिलकुल नया है। दुनिया में ऐसा और कहीं भी नहीं है। रेलवे ने शुरुआत में टेस्ट के बतौर इसकी शुरुआत की है। अगर इसका अच्छा रिस्पॉन्स मिलता है तो आने वाले समय में और ट्रेनों में इसे लाया जाएगा। बेबी बर्थ को लोअर बर्थ में जोड़ा जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने1870 में बने कानून के तहत नए केस दर्ज करने पर लगाई रोक

नई दिल्ली / यूटर्न: देश में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे देशद्रोह कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त फैसला दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि जब तक IPC की धारा 124-ए की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। कोर्ट ने पहले से दर्ज मामलों में भी कार्रवाई पर रोक लगा दी है। वहीं, इस धारा में जेल में बंद आरोपी भी जमानत के लिए अपील कर सकते हैं। इधर, कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय कानून मंत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा- हम कोर्ट और इसकी स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन एक लक्ष्मण रेखा है, जिसका सम्मान सभी अंगों द्वारा किया



जाना चाहिए। कानून मंत्री ने आगे कहा कि हमने अपनी स्थिति बहुत स्पष्ट कर दी है और PM मोदी के इरादे के बारे में कोर्ट को सूचित किया है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने बुधवार को 1870 में बने यानी 152 साल पुराने राजद्रोह कानून (IPC की धारा 124-ए) पर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दायर किया। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र को इस कानून के प्रावधानों पर फिर से विचार करने की अनुमति दे दी। इसके पहले सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि IPC की धारा 124-ए पर रोक न लगाई जाए। हालांकि, उन्होंने यह प्रस्ताव दिया है कि भविष्य में इस कानून के तहत FIR पुलिस अधीक्षक की जांच और सहमति के बाद ही दर्ज की जाए। CJI एनवी रमना, जस्टिस सूर्यकांत त्रिपाठी और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने यह भी आदेश दिया है कि इसके बाद भी यदि कोई नया केस दर्ज किया जाता है तो पीड़ित पक्ष कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। निचली अदालतों से भी अपील है वे पारित आदेश को ध्यान में रखते हुए मांगी गई राहत की जांच करें।

# बुर्का फरमान के खिलाफ काबुल में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान के बुर्का फरमान के खिलाफ महिलाओं ने विरोध किया है। काबुल में प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने अपना चेहरा भी खुला रखा था। वे सड़कों पर 'जस्टिस, जस्टिस' का नारा लगा रही थीं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं में शामिल सायरा समा अलीमियार ने कहा- आखिर हम भी इंसान हैं और उसी तरह से जीना चाहते हैं। हम नहीं चाहते की कोई हमें जानवर की तरह घर के एक कोने में बंदी बनाकर रखे। आखिर क्यों हमें सार्वजनिक जगहों पर अपने चेहरे और शरीर को पूरी तरह से ढंकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि बुर्का हमारा हिजाब नहीं है। आखिर हम क्यों खुद को पूरी तरह छुपाकर ही महफूज रह सकते हैं। वहीं, महिलाएं जब काबुल की सड़कों पर प्रदर्शन कर रही थीं तो तालिबान



लड़ाकों ने उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की। इसके अलावा उन्होंने इस घटना को कवर कर रहे पत्रकारों को भी रिपोर्टिंग करने से रोक दिया। तालिबान ने महिलाओं के लिए नया नियम जारी करते हुए कहा कि महिलाओं को अब सार्वजनिक जगहों पर बुर्का पहनना ही होगा। अगर महिला ने घर से बाहर अपना चेहरा नहीं ढंका तो, उसके पिता या सबसे नजदीकी पुरुष रिश्तेदार को जेल में डाल दिया जाएगा या सरकारी नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

# भाजपा और कांग्रेस दोनों 27% टिकट ओबीसी को देंगे

भोपाल / यूटर्न: मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को खत्म कर चुनाव कराने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राजनीति गरमा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ऐलान किया है कि निकाय चुनाव में कांग्रेस 27% प्रत्याशी ओबीसी वर्ग से खड़े करेगी। इसके कुछ ही देर बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी वादा कर दिया कि पार्टी भी 27% टिकट ओबीसी नेताओं को देगी। जहां जरूरत होगी, वहां यह प्रतिशत बढ़ाया भी जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने बयान जारी कर कहा कि हमें भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने दो साल तक कोई प्रयास नहीं किए। कोई कानून नहीं लाए। संविधान में संशोधन हो सकता था, जिससे ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ मिलता, लेकिन इन्होंने कोई कोई कार्यवाही नहीं की। इस वजह से सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा फैसला दिया है। कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि आगामी निकाय चुनाव में



पार्टी 27 प्रतिशत टिकट ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को देगी। निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर बीजेपी और कांग्रेस नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी है। बीजेपी की सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दाखिल करने के लिए विधि विशेषज्ञों से राय ले रही है। दूसरी तरफ कोर्ट के फैसले के बाद राज्य निवार्चन आयोग ने भी चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कहा कि जून में किसी भी हालत में चुनाव कराए जाएंगे। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता अरुण यादव प्रेस के जरिये बयान देकर गुमराह करना चाहते हैं।

# एक दिन में 15 हजार यात्री कर पाएंगे केदारनाथ में दर्शन

ऋषिकेश / यूटर्न: केदारनाथ में बढ़ रही यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शासन की ओर से प्रतिदिन दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या का निर्धारण कर दिया गया है। यात्रियों की संख्या का निर्धारण का ट्रांसपोर्टरों ने भी मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शासन की ओर से केदारनाथ में यात्रियों के दर्शन करने की क्षमता 15 हजार और यमुनोत्री में दर्शन करने की क्षमता पांच हजार कर दी गई है। यात्रियों की संख्या निर्धारण करने के बाद पंजीकरण काउंटर पर अब यात्रियों को दर्शन करने



की तारीख मिल रही है। आईएसबीटी स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण काउंटर पर केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को 20 मई की तिथि मिल रही थी। टीजीएमओ कंपनी के सचिव हिम्मत सिंह रावत ने बताया कि एक ओर से सरकार 30 लाख यात्रियों का आने का दावा कर रही है। वहीं केदारनाथ में एक दिन में दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या 15 हजार तय करने से बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों को परेशानी होगी। जो यात्री अपना प्लान बनाकर अपने घर से चले हैं। यदि ऋषिकेश पंजीकरण के दौरान उन्हें 15 दिन बाद की तिथि दर्शन के लिए मिलती है तो वह परेशान हो जाएंगे।

# 3 साल की बच्ची के लिए तेंदुए से भिड़ी मां

चंद्रपुर / यूटर्न: तीन साल की बच्ची घर के बाहर बैठ खाना खा रही थी, इतने में एक तेंदुआ आया और उसे अपने जबड़े में दबोच भागने लगा। इतने में मां की नजर बच्ची पर पड़ी और वह तेंदुए के सामने कूद गई और डंडे से हमला कर तेंदुए के मुंह से बच्चो को छुड़ा लिया। यह घटना महाराष्ट्र के चंद्रपुर के दुर्गापुर गांव में मंगलवार रात 9 बजे की है। इस हमले में बच्ची की जान बच गई है। हालांकि, वह घायल है और उसका चंद्रपुर के जिला अस्पताल में इलाज जारी है। इस घटना के बाद मामले की जांच करने पहुंचे वन विभाग के 10 अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानीय लोगों ने बंधक बना लिया। ग्रामीण तेंदुए को जान से मारने की मांग कर रहे थे। तेंदुए पर डंडे से हमले के बाद उसने बच्ची को तो छोड़ दिया, लेकिन मां ज्योति पुप्पलवार पर हमला करने के लिए झपटा। हालांकि, ज्योति डरी नहीं और डंडे से कई प्रहार तेंदुए पर कर दिए। मां के आक्रामक रुख को देख तेंदुए को हार माननी पड़ी और वह भाग गया। ज्योति पुप्पलवार ने बताया, "मेरी बेटी घर के आंगन में खाना खा रही थी और मैं नहाने गई थी। नहाकर जैसे ही मैं बाहर निकली तो देखा कि तेंदुए मेरी बेटी को घसीटते हुए ले जा रहा है। मैंने बिना कुछ सोचे समझे उस पर डंडे से हमला कर दिया।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma